# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,आज,ज्ञानशिखा टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 03.04.2026

# 1700 करोड़ रुपये से जिले में 3 नई टाउनशिप बनाएगा वीडीए

## वीडीए ने 2,866 करोड़ से ज्यादा का बजट प्रस्तावित किया, शासन को भेजा गया


माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। वीडीए मढ़नी, गंजारी और कल्लीपुर में तीन नई टाउनशिप बनाएगा। इसके लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये का बजट का प्रावधान किया है। इससे इन प्रमुख आवासीय एवं समेकित विकास योजनाओं को गति मिलेगी। वीडीए की ओर से वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 2,866.20 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट पारित किया गया है। प्रस्तावित बजट शासन को भेजा गया है। इसी महीने होने वाली बोर्ड की बैठक में इसे मंजूरी दी जाएगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के अनुसार परिचालन से 2,070.61 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 448 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, 2,069.07 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है, जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 343 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि वीडीए की स्थापना 19 अगस्त 1974 को वाराणसी के सुनियोजित एवं समग्र विकास के उद्देश्य से की गई थी। प्रारंभ में इसका अधिकार क्षेत्र लगभग 793 वर्ग किलोमीटर था, जिसमें महापालिका क्षेत्र सहित 635 गांव शामिल थे। वर्ष 2024 में नगर क्षेत्र के विस्तार को स्वीकृति मिलने के बाद 215 नए राजस्व ग्रामों को भी वीडीए के विकास क्षेत्र में सम्मिलित किया गया। इसके फलस्वरूप वर्तमान में इसका कुल विकास क्षेत्र बढ़कर 1,073 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वीडीए का कार्यक्षेत्र पवित्र गंगा नदी के दोनों किनारों पर विस्तृत है, जो इसे भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से दो भागों में विभाजित करता है। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का सतत, संतुलित और योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। इसके तहत सड़क निर्माण, सीवर लाइन, जल निकासी व्यवस्था, आवासीय योजनाएं, टाउनशिप विकास और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं का विकास एवं संचालन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राधिकरण के स्वीकृत पुनरीक्षित बजट में लगभग 378 करोड़ की आय तथा 467.50 करोड़ के व्यय का प्रावधान किया गया था। वर्तमान में वीडीए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत चार बड़ी आवासीय परियोजनाओं के लिए भूमि अवाप्ति एवं परियोजना विकास की कार्यवाही कर रहा है।

**बजट शहर के नियोजित विकास को देगी नई दिशा :** यह बजट वाराणसी के तेजी से हो रहे शहरी विस्तार, नई आवासीय टाउनशिप, संस्थागत विकास तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। वीडीए की ओर से प्रस्तावित यह बजट आने वाले समय में शहर के नियोजित विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण शहर के समग्र विकास का प्रमुख स्तंभ है और इसकी योजनाबद्ध गतिविधियां वाराणसी को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और समृद्ध शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



AI Image

### नई टाउनशिप, सड़क के विकास पर विशेष बल

इस बजट में शहर के नियोजित विस्तार, नई टाउनशिप, सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास पर विशेष बल दिया गया है। प्रस्तावित बजट में सबसे बड़ा राजस्व स्रोत भूमि विक्रय एवं भूमि प्रतिकर है, जिससे लगभग 1,206.31 करोड़ रुपये की प्राप्ति का अनुमान है। इसके अतिरिक्त पूंजीगत मदों और विभिन्न विस्तार योजनाओं के अंतर्गत लगभग 575 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। व्यय पक्ष में विकास कार्यों, भूमि अधिग्रहण, आधारभूत संरचना निर्माण तथा अन्य प्रशासनिक एवं परियोजना व्ययों के लिए लगभग 2,069.07 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## हिन्दुस्तान –दि0 3.04.2026

# वीडीए : 29 अरब के बजट का प्रस्ताव

- माह के मध्य तक होने वाली बोर्ड की बैठक में दी जाएगी स्वीकृति
- पिछले वित्त वर्ष की तुलना में प्रस्तावित बजट चार गुना अधिक

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** वीडीए ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2866 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया है। इस माह के मध्य तक होने वाली वीडीए बोर्ड की बैठक में स्वीकृति मिलेगी।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राधिकरण ने 2070.61 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 448 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार 2069.07 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 343 प्रतिशत ज्यादा है। भूमि अधिग्रहण, विकास कार्यों, आधारभूत संरचना के निर्माण में मुख्य रूप से बजट खर्च होगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का सतत, संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत सड़क निर्माण, सीवर लाइन, जल निकासी व्यवस्था, आवासीय योजनाएं, टाउनशिप विकास पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी वीडीए सीएम शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत चार बड़ी आवासीय परियोजनाओं के लिए भूमि बैंक के लिए रजिस्ट्री करा रहा है। इस बजट में शहर के नियोजित विस्तार, नई टाउनशिप, सड़क एवं आधारभूत संरचना के विकास को बल मिलेगा।

वीडीए का अधिकार क्षेत्र लगभग 793 वर्ग किलोमीटर था, जिसमें नगर निगम क्षेत्र समेत 635 गांव भी शामिल थे। वर्ष 2024 में नगर निगम क्षेत्र के विस्तार को स्वीकृति के बाद 215 नए राजस्व गांव भी वीडीए के विकास क्षेत्र में शामिल है। यह बढ़कर 1073 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

## दैनिक जागरण –दि0 03.04.2026

# 2,866 करोड़ से वीडीए कराएगा कार्य

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राधिकरण बोर्ड से 2,070.61 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 448 प्रतिशत अधिक है। वहीं, 2,069.07 करोड़ रुपये के व्यय की योजना बनाई है, जो विगत वर्ष की तुलना में करीब 343 प्रतिशत अधिक है। बैठक में कुल 2,866.20 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत पुनरीक्षित बजट में करीब 378 करोड़ की आय और 467.50 करोड़ के व्यय का प्रावधान किया गया था। हालांकि, विकास प्राधिकरण मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत चार बड़ी आवासीय परियोजनाओं के लिए जमीन खरीदने और परियोजना विकास पर तेजी से काम कर रहा है।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि इस बजट में शहर के नियोजित विस्तार, नई टाउनशिप, सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास पर विशेष बल दिया गया है। प्रस्तावित बजट में सबसे बड़ा राजस्व स्रोत भूमि विक्रय एवं भूमि प्रतिकर है, जिससे करीब 1,206.31 करोड़ मिलने का अनुमान है। इसके अलावा पूंजीगत मदों एवं विभिन्न विस्तार योजनाओं से करीब 575 करोड़ का प्रावधान किया गया है। व्यय पक्ष में विकास कार्यों, भूमि अधिग्रहण, आधारभूत संरचना निर्माण समेत अन्य प्रशासनिक एवं परियोजना के लिए करीब 2,069.07 करोड़ रुपये रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में वीडीए मढ़नी, गंजारी और कल्लीपुर टाउनशिप पर 1,700 करोड़ खर्च होंगे। तेजी से भवनों का नक्शा पास किया जा रहा है।

### वीडीए का विकास क्षेत्र 1073 वर्ग किलोमीटर

वीडीए की स्थापना 19 अगस्त 1974 को वाराणसी के सुनियोजित एवं समग्र विकास के उद्देश्य से किया गया। उस समय वीडीए का अधिकार क्षेत्र करीब 793 वर्ग किलोमीटर था, जिसमें महापालिका क्षेत्र सहित 635 गांव शामिल थे। वर्ष 2024 में नगर क्षेत्र के विस्तार को स्वीकृति मिलने के पश्चात 215 नए राजस्व ग्रामों को भी वीडीए के विकास क्षेत्र में शामिल किया गया। वर्तमान में इसका कुल विकास क्षेत्र बढ़कर 1073 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

दैनिक जागरण –दि0 03.04.2026

## एकमुश्त समाधान योजना से ब्याज में मिलेगी छूट

जासं, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से "एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026" लागू होने के साथ आवासीय, व्यावसायिक समेत सभी संपत्तियों के ब्याज में छूट मिलेगी। वीडीए ने सभी आवंटियों को योजना का लाभ लेने की अपील की है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि ओटीएस के तहत आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों के सभी आवंटियों को योजना का मिलेगा। योजना शुरू होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर आवंटियों को आवेदन करना होगा, उसी अवधि में प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी। एक साथ बकाया राशि जमा करने पर आवंटी को तीन प्रतिशत अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

आज–दि0 03.04.2026

# वीडीए का २८६६ करोड़ का बजट पारित

## शहर को आधुनिकतम बनाने में सहायक होगी योजनाएं-विप्रा उपाध्यक्ष

वीडीए के स्थापना दिवस पर गुरुवार को २८६६.२० करोड़ का महत्वाकांक्षी बजट पारित हुआ। जिसमें गंगा नदी के दोनों किनारों पर भौगोलिक एवं प्रशासनिक को ध्यान में रखकर सड़क निर्माण, सीवर लाइन, जलनिकासी व्यवस्था, आवासीय योजना, टाउनशिप विकास एवं अन्य आधारभूत परियोजनाओं का संचालन करना है। वित्तीय वर्ष २०२५-२६ में पुनरीक्षित बजट में ३७८ करोड़ की आय और ४६७.५० करोड़ व्ययका प्रावधान किया गया जिसमें मुख्यमंत्री शहरीकरण योजना में बड़ी आवासीय परियोजना को शामिल किया गया है, वहीं २०२६-२७ में २०७०.६१ करोड़ की आय का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में ४४८ प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार २०६९.०७ करोड़ व्यय का प्रावधान किया गया है, जो विगत वर्षसे लगभग ३४३ प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार २८६६.२० करोड़ बजट को हरी झण्डी दी गयी। बजट में मुख्यत: नियोजित विस्तार नयी टाउनशिप, सड़क एवं आधारभूत संरचना पर विशेष बल दिया गया है। प्रस्तावित बजट में राजस्व स्रोत से भूमि विक्रय और भूमि प्रति कर शामिल है। जिससे कि १२०६ करोड़ प्राप्ती का अनुमान है। पूंजीगत मदों में ५७५ करोड़ रखा गया है। जबकि विकास कार्यों, भूमि अधिग्रहण, आधारभूत संरचना के परियोजनाओं में २०६९.०७ करोड़ निर्धारित किये गये है। टाउनशिप के लिए मडनी, गंजारी और कल्लीपुर योजनाओं में १७ करोड़ का प्रतिकर राशि वितरित किया जायेगा। तेज गति से मानचित्र स्वीकृति के लिए नयी टाउनशिप परियोजना के लिए भूमिमूल्य को बेहतर और वास्तविक आकड़ों में अधिक रहने की प्रबल संभावना है। इसको देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि वित्तीय स्थिति अधिक स्थिर और संक्षम होगी। बजट में शहरी विस्तार की नयी टाउनशिप, संस्थागत विकास, जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सहायक होगा। बजट इस बात को ध्यान में रख करके बनाया गया है कि शहर की नियोजित विकास में गति प्रदान हो। इसके अलावा सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर निर्माण में यह बजट बहुत प्रमुख रूप से सहायक होगा।

### अब वीडीए ने भी लागू की तीन महीने का एक मुश्त जमा योजना

**शत प्रतिशत भुगतान में मूलधन में भी मिलेगी छूट**

नगर निगम की तरह वाराणसी विकास प्राधिकरण अब एक मुश्त समाधान योजना को शुरू करने जा रहा है। अंतर इतना है कि नगर निगम ने गृहकर पर कोई छुट नहीं दिया जबकि वीडिए संपत्ति कर पर एक साथ भुगतान करने पर व्याज में पूर्णत: माफी के अलावा मूलधन में तीन प्रतिशत की छूट देने का निर्णय दिया है। इस संबंध में विप्रा उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि एक मुश्त समाधान (ओटीएस-२०२६) लागू की गयी है। योजना के माध्यम से बकाये देय का त्वरित निस्तारण के लिए आवंटियों को ब्याज मुक्त भुगतान करने का अवसर दिया जायेगा जो आवंटी एक साथ सभी बकाये को देगा उन्हें पूर्ण ब्याज में छूट के अतिरिक्त मूलधन में तीन प्रतिशत का छूट भी मिलेगा। इसके अलावा (पेनल इंटरेस्ट) जो आवंटी प्रारंभ में ३० दिनों के भीतर एक मुश्त भुगतान करेंगे उन्हें तीस प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जायेगी। मूलधन को भुगतान करने के लिए किश्त की भी व्यवस्था की गयी है। जैसे किसी आवंटी का ५० लाख रुपये बकाया है तो वह तीन किश्तों में भुगतान कर सकता है। जबकि ५०लाख से अधिक बकायेदारों को तीन द्विमाषिक किश्तों में भुगतान स्वीकार किया जायेगा। यह योजना केवल तीन माह के अवधि के लिए दिया गया है और इसमें आवंटी अपना आवेदन १८ अप्रैल से कर सकते हैं। इस प्रकार १८ अप्रैल से तीन माह तक भुगतान करने पर आवंटियों को ब्याज से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा वीडीए के वेबसाइट पर संबंधित विषय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उपभोक्ता मोबाइल फोन नंबर ९६१६९३६३५५ और ९५८०९५६०३१ पर संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 03.04.2026

# वाराणसी विकास प्राधिकरण की एकमुश्त समाधान योजना-2026 लागू

**बकाया जमा करने पर दण्ड ब्याज पूर्णतः माफ, 30 दिन में एकमुश्त भुगतान पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त छूट**

वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा आवासीय, व्यावसायिक तथा समस्त प्रकार की संस्थागत संपत्तियों के आवंटियों को राहत प्रदान करने हेतु एकमुश्त समाधान योजना (OTS)-2026 लागू की गई है। योजना के माध्यम से बकाया देयों के त्वरित निस्तारण के साथ-साथ आवंटियों को दण्ड ब्याज से पूर्ण मुक्ति का अवसर मिलेगा।प्राधिकरण द्वारा जारी जानकारी के अनुसार योजना का लाभ आवासीय, व्यावसायिक एवं सभी प्रकार की संस्थागत संपत्तियों के सभी आवंटियों को मिलेगा। योजना के अंतर्गत दण्ड ब्याज (पेनल इंटरेस्ट) पूर्णतः माफ किया जाएगा तथा आवंटियों को केवल साधारण ब्याज का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त, जो आवंटी योजना प्रारम्भ होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर एकमुश्त पूर्ण भुगतान करेंगे, उन्हें देय राशि पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। भुगतान को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से किस्तों की व्यवस्था भी की गई है।50 लाख रुपये तक की बकाया राशि का भुगतान 3 मासिक किस्तों में किया जा सकेगा, जबकि 50 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि का भुगतान 3 द्विमासिक किस्तों में स्वीकार किया जाएगा। यह योजना केवल 03 माह की अवधि के लिए लागू रहेगी। योजना प्रारम्भ तिथि 18 अप्रैल, 2026 है। आवेदन करने एवं योजना का लाभ प्राप्त करने की अंतिम तिथि योजना प्रारम्भ होने से तीन माह के भीतर निर्धारित की गई है। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने सभी पात्र आवंटियों से अपील की है कि वे इस विशेष योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया का समयबद्ध निस्तारण कराएं तथा दण्ड ब्याज से राहत प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए आवंटी www. vdavns.com वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अथवा वीडीए कार्यालय स्थित हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 9616536355 / 9580956031 पर भी फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अमर उजाला–दि0 03.04.2026

## 18 अप्रैल से शुरू होगी वीडीए की ओटीएस

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के अनुसार बकाया जमा करने पर दंड ब्याज पूरा माफ किया गया है। 30 दिन में एकमुश्त भुगतान पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। यह योजना केवल 03 माह की अवधि के लिए लागू रहेगी। योजना 18 अप्रैल से शुरू होगी। आवेदन करने एवं योजना का लाभ प्राप्त करने की अंतिम तिथि योजना शुरू होने से तीन माह के भीतर निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए www.vdavns.com वेबसाइट पर जा सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 9616536355 / 9580956031 पर भी फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ब्यूरो